पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-22 बुधवार, दिनांक-15 अप्रील, 2015 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.07 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-

माननीय नेता, विरोधी दल द्वारा दिनांक-15 अप्रील, 2015 के कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें निम्न सिफारिशें की गयी :-

(i) आज दिनांक-15 अप्रील, 2015 को माननीय सदस्य श्री भूमेन्द्र नारायण सिंह के निधन पर शोक प्रकाश हो तदोपरान्त सदन की कार्यवाही स्थगित की जाय ।

(ii) बुधवार, दिनांक-15 अप्रील, 2015 को निर्धारित वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित ऊर्जा विभाग के अनुदान की मांगों पर मतदान अब वृहस्पतिवार, दिनांक-16 अप्रील, 2015 को हो तथा शेष मांगें गिलोटिन द्वारा विनियोग विधेयक एवं वित्त विधेयक के व्यवस्थापन से पूर्व लिये जाएँ ।

(iii) शेष कार्य यथावत रहेंगे ।

जिस पर सदन की सहमति हुई ।

[2] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने बिहार विधान सभा के सदस्य श्री भूमेन्द्र नारायण सिंह के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की । तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों ने खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना मेरे एवं सदन की ओर से शोकाकुल परिवार के पास भेज दिया जाय ।

तदोपरांत सदन की कार्यवाही वृहस्पतिवार, दिनांक-16 अप्रील, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-15 अप्रील, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।